गोविंद मोहन, भा.प्र.से.
GOVIND MOHAN, IAS

सत्यमेव जयते

गृह सचिव
Home Secretary
भारत सरकार
Government of India
कर्तव्य भवन–3 / Kartavya Bhavan-3
नई दिल्ली / New Delhi

अर्द्ध-शासकीय पत्र संख्या- I-19034/04/2026-NI-II

01 अगस्त, 2026

प्रिय नरेश :

जैसा कि आप अवगत हैं, प्रत्येक वर्ष 31 अक्टूबर को सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर एकता नगर, गुजरात में राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया जाता है। इस समारोह का एक प्रमुख आकर्षण राष्ट्रीय परेड के दौरान प्रदर्शित की जाने वाली विषय-आधारित झांकियां (Tableaux) हैं।

2. इस वर्ष के समारोह को जन-भागीदारी का रूप देने के उद्देश्य से, झांकियों की अवधारणा तैयार करने के लिए देश भर के स्कूलों, कॉलेजों और विश्वविद्यालयों के छात्रों से विचार आमंत्रित करने का निर्णय लिया गया है। इस वर्ष झांकियों का मुख्य विषय 'वंदे मातरम' है, जिसके अंतर्गत संगच्छध्वम्, प्रकृति-वंदना, समग्रता, विकास, सहस्र और शक्ति-सूत्र जैसे उप-विषय शामिल हैं।

3. छात्र अपने विचार MyGov पोर्टल या गृह मंत्रालय की वेबसाइट पर चित्र, स्केच या छोटे वीडियो के साथ एक संक्षिप्त विवरण के रूप में भेज सकते हैं। चयनित विचारों को झांकियों में परिवर्तित किया जाएगा। चयनित दस शीर्ष छात्रों को सम्मानित किया जाएगा और एकता नगर, गुजरात में आयोजित होने वाले समारोह में आमंत्रित किया जाएगा। आपकी जानकारी हेतु अवधारणा पत्र (Concept Note) संलग्न है।

4. उपरोक्त पर, आपसे अनुरोध है कि इस पहल के व्यापक प्रचार-प्रसार और छात्रों की भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु आप सभी शैक्षणिक संस्थानों को उचित निर्देश जारी करें, और इस प्रक्रिया को एक माह के भीतर पूर्ण करने में सहयोग करें। इस जन-केंद्रित पहल को एक भव्य सफलता बनाने हेतु आपके मूल्यवान सहयोग की अपेक्षा है ।

सादर

भवदीय,

संलग्न: उपरोक्त।

(गोविंद मोहन)

**श्री नरेश पाल गंगवार,**
सचिव,
उच्च शिक्षा विभाग,
शिक्षा मंत्रालय,
नई दिल्ली।

**31 अक्टूबर, 2026 को एकता नगर, गुजरात में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय एकता परेड के लिए झांकियों के डिजाइनों हेतु छात्रों से रचनात्मक विचारों/अवधारणाओं का आमंत्रण**

## 1. विषय

एकता नगर, गुजरात में राष्ट्रीय एकता परेड-2026 में प्रदर्शित की जाने वाली झांकियों (Tableaux) की अवधारणा तैयार करने हेतु स्कूल, कॉलेज और विश्वविद्यालय के छात्रों से विचार/अवधारणाएं आमंत्रित की जाती हैं। यह विचार/ अवधारणाएं दिनांक 21.08.2026 तक भेजी जा सकती हैं। विजेताओं को सम्मानित किया जाएगा और एकता नगर, गुजरात में राष्ट्रीय एकता दिवस-2026 समारोह में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया जाएगा।

## 2. पृष्ठभूमि: राष्ट्रीय एकता दिवस

भारत सरकार अखंड भारत के निर्माता सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर प्रत्येक वर्ष 31 अक्टूबर को राष्ट्रीय एकता दिवस मनाती आ रही है। हर वर्ष एकता नगर में एक राष्ट्र स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया जाता है, जिसमें एकता परेड (राज्य पुलिस बलों और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों की भागीदारी के साथ), सांस्कृतिक कार्यक्रम, प्रदर्शनी कार्यक्रम, झांकियों का प्रदर्शन, स्कूल बैंड आदि प्रदर्शित किए जाते हैं। माननीय प्रधानमंत्री मुख्य अतिथि के रूप में इस अवसर की शोभा बढ़ाते हैं।

## 3. उद्देश्य: छात्रों की भागीदारी को बढ़ावा देना

झांकियां इस समारोह का एक अभिन्न अंग हैं, जो भारत की साझी पहचान और समृद्ध सांस्कृतिक विविधता का उत्सव मनाते हुए एकता, अखंडता और सुरक्षा के प्रति राष्ट्र की प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करने में मदद करती हैं। इस वर्ष, राष्ट्रीय एकता दिवस समारोह के लिए झांकियों की अवधारणा/डिजाइन तैयार करने में देश के छात्रों को सीधे तौर पर शामिल करने का निर्णय लिया गया है।

## 4. विषय-वस्तु (Theme)

इस वर्ष का मुख्य विषय 'वंदे मातरम' है। कुछ उप-विषय (Sub-themes) उदाहरण के तौर पर चिन्हित किए गए हैं, जिन पर छात्र अपने विचार/अवधारणाएं साझा कर सकते हैं। ये निम्नलिखित हैं:

i. वन्दे मातरम् - राष्ट्र केवल भूमि नहीं, हमारी माँ है; उसकी सेवा सर्वोच्च कर्तव्य है।
ii. सुजलाम् - जल ही जीवन, समृद्धि और सभ्यता का आधार है।
iii. सुफलाम् - समृद्ध धरती ही समृद्ध राष्ट्र का निर्माण करती है।
iv. मलयजशीतलाम् – स्वच्छ, संतुलित और सुगंधित प्रकृति भारत की जीवन शक्ति है।
v. शस्यश्यामलाम् - अन्नदाता की समृद्धि ही राष्ट्र की सुरक्षा और समृद्धि है।
vi. शुभ्रज्योत्स्ना पुलकितयामिनीम् - शांति और सौन्दर्य भारत की आत्मा हैं।
vii. फुल्लकुसुमित द्रुमदलशोभिनीम् - प्रकृति का संरक्षण ही भविष्य का संरक्षण है।
viii. सुहासिनीम् - हर चेहरे की मुस्कान ही राष्ट्र की वास्तविक प्रगति है।
ix. सुमधुर भाषिणीम् - अनेक भाषाएँ, अनेक संस्कृतियाँ – एक भारत।
x. सुखदां वरदां - भारत ज्ञान, नवाचार और मानवता का पथप्रदर्शक है।
xi. संगच्छध्वम् – एक साथ आगे बढ़ना: लोगों द्वारा एक-दूसरे की मदद करने, आसपास स्वच्छता रखने और राष्ट्र के लिए अच्छे कार्य करना ।

xii. प्रकृति-वंदना – धरती माता के प्रति भक्ति: प्रकृति, वनों, नदियों और वन्यजीवों की रक्षा करके राष्ट्र के प्रति प्रेम प्रदर्शित करना।

xiii. समग्रता – पूर्णता या अखंडता: भारत के सभी हिस्से मिलकर के एक महान राष्ट्र बने।

xiv. विकास – प्रगति: नए आविष्कारों, स्टार्टअप्स और भारत अपनी समृद्ध संस्कृति का उपयोग करके किस प्रकार उज्ज्वल भविष्य का निर्माण कर रहा है।

xv. सहस्र – सांस्कृतिक विविधता: हमारे विभिन्न नृत्यों, भाषाओं, त्योहारों और परंपराओं को प्रदर्शित करने वाली सांस्कृतिक विविधता, जो हम सभी को एकजुट करती है।

xvi. शक्ति-सूत्र – शक्ति का स्रोत: सीमाओं की रक्षा करने वाले हमारे वीर सैनिकों और देश की प्रगति का नेतृत्व करने वाली महिलाओं से संबंधित विचार।

xvii. वन्दे मातरम् से सम्बंधित अन्य उप-विषय भी प्रस्तुत किए जा सकते हैं।

**5. विचारों की प्रस्तुति**

छात्र अपने विचार MyGov पोर्टल के माध्यम से या गृह मंत्रालय की वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन भेज सकते हैं। अपने विचारों को स्पष्ट रूप से प्रस्तुत करने हेतु, उन्हें संक्षिप्त विवरण सहित PPT के रूप में प्रस्तुत किया जा सकता है (जिसमें आवश्यकता अनुसार ड्राइंग, स्केच अथवा लघु वीडियो सम्मिलित किए जा सकते हैं)।

**6. चयन प्रक्रिया और सम्मान**

विशेषज्ञों की एक समिति सभी प्रविष्टियों की समीक्षा करेगी और सबसे रचनात्मक प्रविष्टियों का चयन करेगी। इसके पश्चात, चुने गए छात्रों के विचारों को झांकियों में परिवर्तित किया जाएगा। जिन शीर्ष दस छात्रों के विचारों को शॉर्टलिस्ट किया जाएगा, उन्हें उचित सम्मान दिया जाएगा और एकता नगर, गुजरात में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय एकता दिवस-2026 समारोह में भाग लेने के लिए (01 मेंटर/शिक्षक के साथ) आमंत्रित किया जाएगा। आमंत्रित विजेताओं और मेंटर्स के लिए रेल यात्रा, आवास, भोजन और स्थानीय परिवहन की समस्त व्यवस्थाएं गृह मंत्रालय द्वारा की जाएंगी।

**********

**<u>Inviting Creative Ideas/Concepts from Students for Tableau Designs for the Rashtriya Ekta Parade to be held at Ekta Nagar, Gujarat on October 31, 2026</u>**

## 1. Subject

Creative Ideas/concepts are invited from school, college, and university students for designing the tableaux to be showcased during the Rashtriya Ekta Parade–2026 at Ekta Nagar, Gujarat. These ideas/concepts can be submitted until 21.08.2026. Winners will be felicitated and invited to attend the National Unity Day–2026 celebrations at Ekta Nagar, Gujarat.

## 2. Background: Rashtriya Ekta Diwas

The Government of India has been observing Rashtriya Ekta Diwas every year on October 31 to mark the birth anniversary of Sardar Vallabhbhai Patel, the architect of United India. Every year, a national-level event is organized at Ekta Nagar featuring the Ekta Parade (with participation from State Police Forces and Central Armed Police Forces), cultural programs, display events, tableaux presentations, school bands, etc. The Honourable Prime Minister graces the occasion as the Chief Guest.

## 3. Objective: Promoting Student's Participation

Tableaux constitute an integral part of the celebrations, showcasing India's shared identity and rich cultural diversity while reflecting the nation's commitment to unity, integrity, and security. This year, it has been decided to directly involve students from across the country in conceptualising/designing the Tableaux for the Rashtriya Ekta Diwas celebrations.

## 4. Theme

The central theme for this year is 'Vande Mataram'. Some illustrative sub-themes on which students may submit their ideas/concepts are as follows:

i. **Vande Mataram** – The nation is not merely land but our mother; serving her is the highest duty.
ii. **Sujalam** – Water is the foundation of life, prosperity, and civilisation.
iii. **Sufalam** – A fertile land builds a prosperous nation.
iv. **Malayaja Sheetalam** – Clean, balanced, and refreshing nature is the life force of India.
v. **Shasya Shyamalam** – Prosperity of farmers ensures national security and growth.
vi. **Shubhra Jyotsna Pulakita Yaminim** – Peace and beauty are the soul of India.
vii. **Phulla Kusumita Drumadala Shobhini** – Conservation of nature is preservation of the future.
viii. **Suhasinim** – The smile on every face is the true progress of the nation.
ix. **Sumadhura Bhashini** – Many languages, many cultures – One India.

x. **Sukhadam Varadam** – India as a guide in knowledge, innovation, and humanity.
xi. **Sangachchhadhwam** – Moving forward together: helping one another, maintaining cleanliness, and contributing positively to the nation.
xii. **Prakriti-Vandana** – Reverence for Mother Earth: Expressing love for the nation by protecting nature, forests, rivers, and wildlife.
xiii. **Samagrata** – Wholeness or Integrity: All parts of India coming together to form a great nation.
xiv. **Vikas** – Progress: How India is building a bright future through new inventions, startups, and its rich culture.
xv. **Sahastra** – Cultural Diversity: The cultural diversity showcasing our various dances, languages, festivals, and traditions that unite us all.
xvi. **Shakti-Sutra** – Source of Strength: Ideas related to our brave soldiers protecting the borders and women leading the nation's progress.
xvii. Other relevant sub-themes related to Vande Mataram may also be proposed.

**5. Submission of Ideas**

Students may submit their ideas online through the MyGov portal or through the website of the Ministry of Home Affairs. For clear presentation, ideas may be submitted in the form of a Presentation [as PDF or as PPT with open link in Google drive] with a brief description, incorporating drawings, sketches, or short videos, as required.

**6. Selection Process and Recognition**

A committee of experts will review all entries and select the most creative submissions. Subsequently, the ideas of the selected students will be translated into tableaux. The top ten students whose ideas are shortlisted will be suitably felicitated and invited (along with 1 mentor/teacher) to participate in the Rashtriya Ekta Diwas –2026 celebrations held at Ekta Nagar, Gujarat. All arrangements for rail travel, accommodation, food, and local transportation for the invited winners and mentors will be borne by the Ministry of Home Affairs.

****** It may be noted that only students of schools / colleges / universities are eligible to send the creative ideas/concepts for designing the tableaux.***

******Filling up of Student Form is Mandatory for consideration of the entries.***

******